अनुक्रमांक ____________________ मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8+2 मानचित्र

नाम ____________________

932 825(**RD**)

# 2025

# सामाजिक विज्ञान

## केवल प्रश्न-पत्र

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(iii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'अ' तथा 'ब' में विभाजित है।

(iv) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ. एम. आर. शीट पर दिया जाना है।

(v) ओ. एम. आर. शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात् उसे काटें नहीं तथा इरेजर व व्हाइटनर (whitener) का प्रयोग न करें।

(vi) खण्ड 'ब' 50 अंकों का है इसमें वर्णनात्मक-1, वर्णनात्मक-2 एवम् मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(vii) प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(viii) दिये गये मानचित्र को उत्तर पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

(ix) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिये दिये गये हैं।

### खण्ड - 'अ' 20

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**निर्देश :** दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए तथा अपनी ओ. एम. आर. शीट में लिखिए ।

1. फ्रांसीसी क्रांति हुई - 1

(A) 1799 में (B) 1889 में

(C) 1789 में (D) 1800 में

2. जलियांवाला बाग़ हत्याकांड हुआ - 1

(A) 5 अप्रैल 1999 में (B) 10 अप्रैल 1919 में

(C) 20 अप्रैल 1919 में (D) 13 अप्रैल 1919 में

3. 'गुलामगिरी ' का लेखक कौन था? 1

(A) डॉ भीमराव राम जी अम्बेडकर (B) ज्योतिबा फुले

(C) कैलाश वासिनी देवी (D) रामास्वामी नायकर

4. 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मलेन ' कहाँ आयोजित किया गया - 1

(A) ब्रेटन (B) अमेरिका

(C) फ्रांस (D) भारत

5. औद्योगिक क्रांति किस देश में प्राम्भ हुई ? 1

(A) अमेरिका (B) रूस

(C) इंग्लैंड (D) चीन

6. गुटेनबर्ग ने प्रिंटिंग मशीन का अविष्कार किस वर्ष किया- 1

(A) 1416 ई० (B) 1417 ई०

(C) 1430 ई० (D) 1420 ई०

7. निम्नलिखित में से एक मिटटी का प्रकार नहीं है- 1

(A) काली (B) पीली

(C) लैटराईट (D) सीमेंट

8. सुन्दरवन राष्ट्रीय पार्क किस राज्य में स्थित है? 1

(A) असम (B) ओडिशा

(C) पश्चिमी बंगाल (D) मध्य प्रदेश

9. सलाल बांध किस नदी पर बना है? 1

(A) महानदी (B) चिनाब

(C) सतलुज (D) कृष्णा

10. इनमें से कौन-सी रबी फसल है? 1

(A) चावल (B) मोटे अनाज

(C) चना (D) कपास

11. निम्नलिखित में से कौन- सा ग्रामीण क्षेत्र के विकास का लक्ष्य है? 1

(A) नियमित कार्य (B) उपज कि उचित कीमत

(C) बेहतर मजदूरी (D) ये सभी

12. निम्नलिखित खनिजों में से कौन-सा एक आधारभूत खनिज है? 1

(A) अभ्रक (B) मैंगनीज

(C) लौह अयस्क (D) तांबा

13. निम्न में से आधारभूत उद्योग कौन – सा है? 1

(A) चाय (B) चीनी

(C) लोहा एवं इस्पात (D) जूट

14. निम्नलिखित में से परिवहन का कौन-सा साधन वहनान्तरण हानियों तथा देरी को घटाता है- 1

(A) रेल परिवहन (B) पाईपलाइन

(C) सड़क परिवहन (D) जल परिवहन

15. निम्नलिखित में से किस देश का विभाजन धर्म तथा जाति के आधार पर हुआ था? 1

(A) बेल्जियम (B) भारत

(C) युगोस्लाविया (D) नीदरलैंड

16. निम्नलिखित में से कौन-सी संघात्मक शासन कि विशेषताएं नहीं हैं? 1

(A) शक्तियों का वितरण (B) शक्तियों का केन्द्रीयकरण

(C) सर्वोच्च न्यायपालिका (D) कठोर संबिधान

17. निम्नलिखित में से कौन-सा राजनितिक दल राष्ट्रीय पार्टी नहीं है? 1

(A) भारतीय जनता पार्टी (B) इंडियन नेशनल कांग्रेस

(C) बहुजन समाज पार्टी (D) समाजवादी पार्टी

18. भारत के संविधान कि आठवीं अनुसूची में कुल भाषाएँ हैं- 1

(A) 21 (B) 22

(C) 18 (D) 15

19. भारत का सबसे अधिक साक्षरता वाला राज्य है - 1

(A) केरल (B) गोवा

(C) बिहार (D) गुजरात

20. लाल-पीली मिट्टी – पाई जाती हैं- 1

(A) दक्कन के पठार में (B) मालवा प्रदेश में

(C) ब्रह्मपुत्र घाटी में (D) थार रेगिस्तान में

**खण्ड 'ब'**

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

**वर्णनात्मक-1** (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिये)

1. यूरोप में 'राष्ट्रवाद' का आशय स्पष्ट कीजिये । 4

**अथवा**

असहयोग आन्दोलन के कारण तथा उसके प्रभावों का उल्लेख करें। 2+2=4

2. गरीबों और बेरोजगारों की बढ़ती संख्या, लोकतन्त्र की सफलता में बाधक है। स्पष्ट कीजिये । 4

**अथवा**

लोकतन्त्र एक उत्तरदायी एवं वैध शासन व्यवस्था है। स्पष्ट उल्लेख करें। 4

OR

3. विदेशी व्यापार से आप क्या समझते हैं ? भारत के विदेशी व्यापार की किन्हीं दो विशेषताओं को बताइये । 1+3=4

**अथवा**

यदि किसानों को सिंचाई और विपणन सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं, तो रोजगार और आय में वृद्धि कैसे होगी ? 4

4. बनों की हानि से क्या आशय है? वनों की हानि से होने वाले किन्हीं तीन प्रभावों का उल्लेख कीजिए । 4

**अथवा**

भूमि संसाधन से क्या तात्पर्य है ? भूमि संसाधन के कोई तीन महत्त्व बताइये । 4

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

**वर्णनात्मक-2** (उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिये)

5. प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् होने वाली आर्थिक महामंदी के कारणों की समीक्षा कीजिए । 6

**अथवा**

ब्रेटन वुड्स समझौते के कारण तथा उद्देश्य का उल्लेख करें। ब्रेटन वुड्स द्विन किसे कहा जाता है ? उत्तर लिखिए। 2+2+2=6

6. संघवाद क्या है? भारत की संघात्मक शासन व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 2+4=6

**अथवा**

नारीवाद का क्या अभिप्राय है ? भारत की विधायिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति पर प्रकाश डालिये। 2+4=6

7. "बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विभिन्न देशों की उत्पादन प्रक्रिया को एक-दूसरे से जोड़ती हैं।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

उपभोक्ता के किन्हीं तीन अधिकारों का वर्णन कीजिए । 2+2+2

8. भूमि किस प्रकार एक अत्यधिक महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है? इसके महत्त्वपूर्ण तथ्यों का वर्णन कीजिए । 3+3=6

**अथवा**

जैव-विविधता क्या है ? यह मानव जीवन के लिये क्यों महत्त्वपूर्ण है ? स्पष्ट कीजिए । 2+4=6

**मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न**

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये :

**9.** **(क)** (i) वह स्थान जहाँ सूती मिल के श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ । ½+½

(ii) वह स्थान जहाँ किसान सत्याग्रह आन्दोलन हुआ । ½+½

(iii) वह स्थान जहाँ चौरी-चौरा काण्ड हुआ। ½+½

(iv) वह स्थान जहाँ 1929 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। ½+½

(v) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना हुई थी। ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। मानचित्र का प्रयोग न करें ।

**9.(क)** (i) किस स्थान पर सूती मिल के श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ था ? 1

(ii) किस स्थान पर किसान सत्याग्रह आन्दोलन हुआ? 1

(iii) किस स्थान पर चौरी-चौरा काण्ड हुआ? 1

(iv) किस स्थान पर 1929 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था? 1

(v) किस स्थान पर जलियाँवाला बाग की घटना हुई थी? 1

**निर्देश:** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये :

9. (ख) (i) पश्चिम बंगाल का एक समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित । ½+½

(ii) महाराष्ट्र का राजधानी नगर ① चिह्न द्वारा नाम सहित । ½+½

(iii) बॉक्साइट उत्पादन का एक क्षेत्र ○ चिह्न द्वारा नाम सहित । ½+½

(iv) मैंगनीज उत्पादन का एक क्षेत्र ● चिह्न द्वारा नाम सहित । ½+½

(v) इस प्रदेश का एक दसलाखी नगर Y चिह्न द्वारा नाम सहित । ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

9.(ख) (i) पश्चिम बंगाल के एक समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए । 1

(ii) महाराष्ट्र के राजधानी नगर का नाम लिखिए। 1

(iii) बॉक्साइट उत्पादन के एक क्षेत्र का नाम लिखिए। 1

(iv) मैंगनीज उत्पादन के एक क्षेत्र का नाम लिखिए । 1

(v) इस प्रदेश के एक दसलाखी नगर का नाम लिखिए। 1